प्रभात खबर

# नकली सिगरेट व नवरत्न तेल बनाने का भंडाफोड़



लखीसराय. शहर में नकली समान बनाने का कार्य शुरू से ही चला आ रहा है. सोमवार को गुप्त सूचना के आधार पर कबैया थाना की पुलिस ने शहर के पंजाबी मुहल्ला में छापेमारी का नवरत्न एवं नकली सिगरेट बनाने का भंडाफोड़ किया है. पुलिस ने नकली सिगरेट एवं ठंडा तेल बनाने वाले को गिरफ्तार भी कर लिया है. इस संबंध में एसडीपीओ शिवम कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि पंजाबी मुहल्ला में नकली सिगरेट एवं नवरत्न तेल बनाया जाता है. पुलिस ने छापेमारी कर भारी मात्रा में तेल का रीपर एवं नकली सिगरेट का डिब्बा के साथ कच्चा माल बरामद किया है. इसके साथ ही 7 लाख 50 हजार रुपये भी नकद बरामद किया गया है. उन्होंने बताया कि नकली तेल एवं सिगरेट बनाने वाले सहदेव मोदी को भी गिरफ्तार कर लिया गया है. उन्होंने कहा बताया कि गुप्त सूचना के निशानदेही पर छापेमारी चल रही है. पुलिस नकली सामान बनाने वाले मशीन आदि को भी बरामद करने के लिए छापेमारी कर रही है. उन्होंने कहा कि नकली सामान किन-किन शहरों में खपत कराया जाता था, इसका भी पता लगाया जा रहा है. उन्होंने कहा कि नकली सामान बनाने वाले के खिलाफ प्राथमिक की दर्ज किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि नकली सामान का पैकेजिंग काफी दिनों से चल रहा था. पुलिस ने आज गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर बरामद किया है. उन्होंने कहा कि आगे भी छापेमारी की जायेगी. सहदेव मोदी के अलावा और भी लोग इस कार्य में संलिप्त है, जिसका पता लगाया जा रहा है.

Source: [https://www.prabhatkhabar.com/state/bihar/lakhisarai/fake-cigarette-and-navratna-oil-racket-busted](https://www.prabhatkhabar.com/state/bihar/lakhisarai/fake-cigarette-and-navratna-oil-racket-busted)